प्रादेशिक समाचार

दिनांक–30.03.2024 (दोपहर–1455 बजे)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव, बिहार के दो बार मुख्यमंत्री रहे कर्पूरी ठाकुर तथा कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन को मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया। वहीं पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को कल देश का शीर्ष नागरिक पुरस्कार प्रदान करेंगी। अलंकरण समारोह के दौरान, पुरस्कार विजेताओं के परिवारजनों ने पुरस्कार प्राप्त किए। अलंकरण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, जनजातीय मामलों के केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

****

राज्य की कोडरमा लोकसभा सीट से भाकपा माले के विनोद सिंह इंडी गठबंधन के उम्मीदवार होंगे। भाकपा माले की ओर से इसकी घोषणा की गई है। भाकपा माले के राज्य सचिव मनोज भक्त ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विनोद सिंह के नाम पर इंडी गठबंधन ने मुहर लगा दी है। उम्मीदवारों की घोषणा के साथ ही भाकपा माले ने घोषणा पत्र भी जारी कर दिया है।

****

जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक और भारतीय जनतंत्र मोर्चा के प्रमुख सरयू राय धनबाद लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। धनबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ दर्जनों आपराधिक मामले हैं। ऐसी स्थिति में वे धनबाद से चुनाव लड़ने पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि हाल के दिनों में श्री राय धनबाद में सक्रिय रहे हैं।

****

प्रवर्तन निदेशालय रांची जमीन घोटाला मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और जेल में बंद हेमन्त सोरेन के खिलाफ आज विशेष अदालत में चार्जशीट दाखिल करेगा। चार्जशीट में उनके नई दिल्ली स्थित आवास से बरामद छत्तीस लाख रुपए और जमीन से जुड़े कागजातों को भी संलग्न किया गया है। ईडी ने इस वर्ष इकतीस जनवरी को हेमन्त सोरेन को लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। ऐसे में मनी लाउंड्रिंग अधिनियम के तहत गिरफ्तारी के साठ दिनों के अंदर आरोपी के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल करना जरूरी है।

****

पाकुड़ के उपायुक्त मृत्युंजय कुमार वर्मवाल के नाम पर साइबर अपराधियों द्वारा फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाकर अधिकारियो, कर्मियों और आम लोगों से पैसे मांगे जाने का मामला सामने आया है। इसकी जानकारी मिलने के बाद उपायुक्त ने जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश अधिकारियो को दिया है। उन्होंने लोगों से कहा कि अगर उनके नाम से बनाए गए फर्जी व्हाट्स एप्प से किसी तरह का कॉल और पैसे की मांग की जाय तो इसकी सूचना पुलिस को दें।

****

लातेहार जिले के मनीष कुमार वन, जंगल और प्रकृति के संरक्षण करने के मूल मंत्र को लेकर झारखंड के सभी जिलों में जीवन यात्रा करेंगे। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

राज्य सरकार ने किसानों से धान खरीदने की समय सीमा इकतीस मार्च से बढ़ाकर तीस अप्रैल कर दी है। कृषि विभाग ने साठ लाख क्विंटल धान क्रय का लक्ष्य रखा था, लेकिन अबतक पच्चीस प्रतिशत ही धान खरीद होने की वजह से यह निर्णय लिया है। पूरे राज्य में पांच सौ बासठ पैक्स के माध्यम से धान क्रय हो रहा है। इसके अलावा प्रखंडों, अनुमंडलों और जिलों में भी एमएसपी केंद्र बनाये गये हैं। इधर, धान बेचने वाले उन्नीस हजार सात सौ से ज्यदा किसानों को पहली किस्त की राशि हस्तांरित की जा चुकी है।

****

मार्च के अंतिम सप्ताह में झारखंड का पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। मौसम विभाग से जारी आंकड़ों के अनुसार शुक्रवार को डालटनगंज और जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 40 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं राजधानी रांची में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस रहा। तापमान में हुई बढ़ोतरी के कारण अभी से ही लोगों को गर्मी सताने लगी है। मौसम विभाग के अनुसार, आज और कल रांची समेत राज्य के 21 जिलों में बारिश की संभावना है। राज्य के पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य भागों में कहीं–कहीं गर्जन के साथ वज्रपात और हल्की वर्षा हो सकती है।

*******समाप्त********